समाचार

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना हमारा प्रथम दायित्व – आयुक्त

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने ली अधिकारियों की बैठक, शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति व क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की, समयसीमा के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश)

## (नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखकर कार्य करने अधिकारियों को दिए टिप्स)



कोरबा 24 फरवरी 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा व त्वरित लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना तथा यह सुनिश्चित करना कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे, हमारा प्रथम दायित्व है, अतः शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं उनका लाभ लोगों तक पहुंचाने हेतु एलर्ट मोड पर कार्य करें। उन्होने कहा कि नागरिकों सेवाओं व सुविधाओं जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि निगम प्रदत्त सेवाएं निर्वाध रूप से जारी रहें, आमजन को सुविधाओं की उपलब्धता बनी रहे।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज निगम की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की कार्यप्रगति की योजनावार समीक्षा की। उन्होने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, गोधन न्याय योजना,

श्रीधन्वतरी योजना, डायरेक्ट भवन अनुज्ञा स्कीम, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए योजनाओं का सतत रूप से त्रुटिरहित क्रियान्वयन एवं उनका लाभ लोगों तक पहुंचाने के संबंध में एलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की समीक्षा करते हुए उन्होने अब तक लगाए गए शिविरों तथा लाभांवित नागरिकों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के चलित शिविर ऐसे स्थल पर आयोजित किए जाएं जहॉ पर सार्वजनिक प्रसाधन सुविधा हो ताकि वहॉ पहुंचने वाली महिलाओं, पुरूषों सभी के लिए प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध रहे, उन्होने कहा कि मुनादी के माध्यम से शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार हों ताकि अधिकाधिक लोग शिविरों में पहुंचकर अपनी बीमारियों का निःशुल्क इलाज करा सकें। उन्होने कहा कि मेडिकल यूनिट में दवाईयों के प्रकार की संख्या बढ़ाई जाए, डॉक्टर्स एवं स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में रहें, निर्धारित समय पर शिविर प्रारंभ हों तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट में पहुंचने वाले मरीजों व परिजनों से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार किया जाए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने श्री धन्वतरी योजना की समीक्षा करते हुए श्री धन्वतरी मेडिकल स्टोर्स में दवाईयों की संख्या बढ़ाने व सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने, इन मेडिकल स्टोर्स में दवाईयों पर 55 प्रतिशत से अधिक की छूट की जानकारी लोगों तक पहुंचाने हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने शासन की महती योजना डायरेक्ट भवन अनुज्ञा स्कीम की समीक्षा करते हुए भवन निर्माण अनुमति संबंधी प्रकरणों एवं उनके निराकरण की कार्यप्रगति की विस्तार से जानकारी ली, समयसीमा में दस्तावेजों का परीक्षण एवं अन्य संबंधित कार्यवाही कर शासन की मंशा अनुसार भवन निर्माण अनुमति संबंधी प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए ए.एच.पी.आवासगृहों के आबंटन की कार्यवाही लाटरी के माध्यम से कराए जाने तथा बी.एल.सी. हितग्राहियों को राशि का भुगतान समय पर किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

समयसीमा के प्रकरणों की समीक्षा– बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर टी. एल.एवं जनदर्शन, पी.जी.एन. के प्रकरण, निगम के टी.एल.प्रकरण, शासन के पत्रों पर की गई कार्यवाही सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों के निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त सभी प्रकार के प्रकरणों पर निराकरण की कार्यवाही निर्धारित समयावधि के अंदर सुनिश्चित कराएं तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण निर्धारित समय के पश्चात लंबित न रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों पर कार्य करें– बैठक के दौरान आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 का आगाज होने जा रहा है, अतः सर्वेक्षण की गाईड लाईन के अनुसार सभी बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारियॉ करें तथा तैयारियों को अंतिम रूप दें। एक–एक बिन्दु पर फोकस रखकर कार्य करें, शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो को एलर्ट मोड पर रहकर संपादित कराएं। डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जनजागरूकता, सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की सफाई सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर एकसुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य कराएं।

राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा– आयुक्त श्री पाण्डेय ने राजस्व वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान भवन किराया सहित अन्य करों की वसूली की जोनवार व वार्डवार समीक्षा की, वसूली की धीमी कार्यप्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए वसूली कार्य में उदासीनता बरतने वाले वार्ड प्रभारियों को शो–काज नोटिस जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो के साथ–साथ स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा एवं मनोज ठाकुर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, राजबहादुर सिंह, अनिरूद्ध सिंह, अशोक बनाफर, के.एस.क्षत्री, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर, योगेश राठौर, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, पीयूष राजपूत, एच.आर.बघेल, गुलिस्ता साहू, प्रोग्रामर सुनील गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)